# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-69 | सागवाड़ा, मंगलवार, 2 नवम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## साबला में देह व्यापार का भांडाफोड़, होटल से एक युवती समेत होटल संचालक को गिरफ्तार

**साबला।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने देर रात साबला थाना क्षेत्र में एक होटल पर छापेमार कार्रवाई करते हुए देह व्यापार का भांडाफोड़ किया है। पुलिस ने होटल से एक युवती समेत होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि साबला थाना क्षेत्र में एक होटल में देह व्यापार चल रहा है। इस पर डीएसपी भोमाराम के नेतृत्व में सीआई दिलीपदान, हेड कांस्टेबल नवीन की एक टीम ने बोगस ग्राहक बनाकर भेजा और फिर देह व्यापार की पुष्टि होने पर छापेमार कार्रवाई की गई।कार्रवाई में होटल से एक युवती समेत होटल संचालक दलपतसिंह राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद दोनों को साबला थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। साबला पुलिस युवती ओर होटल संचालक से पूछताछ कर रही है, जिसमें और भी कई खुलासे हो सकते हैं।

## झाड़ियों में छुपाकर रखी 2 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, मौके से डंपर और कार जब्त

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने लेहणा घाटी में झाड़ियों में छुपाकर रखी 2 लाख रुपए मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद की है। मौके से एक डंपर और कार भी जब्त की है। पुलिस वाहनों के नंबर के आधार पर आगे की जांच कर रही है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे 48 पर होटल व ढाबों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि लेहणा घाटी में अंग्रेजी शराब के गोदाम के पास शैलेश जैन, सका डांगी व सुरेंद्र मीणा नाम के व्यक्ति झाड़ियों में हरियाणा निर्मित शराब को डंपर व कार में भरकर गुजरात तस्करी के लिए कर रहे है।मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। झाड़ियों के पास एक डंपर व कार खड़ी मिली. तलाशी में अंग्रेजी शराब के 40 कार्टन बरामद किए गए, जो हरियाणा में बेचने के लिए थे। थानाधिकारी ने बताया कि जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख रुपए है।

# अपनी पत्नी और बेटों पर छूरे से हमला, बड़े बेटे की मौत, डेढ़ साल का बेटा और पत्नी गंभीर रूप से घायल

### तंबोलिया गांव का मामला, परिवार में जमीन को लेकर विवाद पिता ने अपने ही परिवार किया हमला

**सीमलवाड़ा।**

जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के तंबोलिया गांव में परिवार में जमीन को लेकर विवाद और आर्थिक तंगी में एक पिता अपने ही परिवार पर हमला कर दिया। तंबोलिया के रहने वाले नरेश मीणा (35 वर्ष) ने अपनी पत्नी लक्ष्मी (30) और 2 बेटों पर छूरे से हमला कर दिया। हमले में बड़े बेटे विशाल की मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल का बेटा और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका गुजरात के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।धंबोला थाना क्षेत्र के तंबोलिया गांव में नरेश अपने परिवार के साथ रात में खाना खाकर सोया। सबसे सुरक्षित जगह समझकर पिता से लिपटकर सोए विशाल की पिता ने धारदार छूरे से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी। वहीं पास में दूसरी खाट पर सोई पत्नी पर भी उसी छूरे से गले और सिर पर वार किया। उसके पास सो रहे डेढ़ माह के दूसरे बेटे के पेट में भी पिता ने छूरा घोंप दिया। पिता की इस हरकत को देख 6 साल की बेटी चिल्लाते हुए दौड़कर भागी और पास के घर में सो रहे दादा-दादी को उठाया।

इसके बाद नरेश भागकर घर से कुछ दूर स्थित कुएं में गिर गया। पुलिस ने नरेश को हिरासत में ले लिया। इस सनसनीखेज घटना में 11 साल के विशाल की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी और डेढ़ साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें सीमलवाड़ा अस्पताल से रैफर कर दिया गया।

परिजन उन्हें गुजरात के मोडासा अस्पताल लेकर गए। जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। धंबोला थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया कि आरोपी नरेश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने उसके तीन भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद की बात कही है।

## धनतेरस पर सात लोगों को मिला हक, हाथों हाथ मिला पट्टा

### इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना में अब तक 400, आवेदन आए



**सागवाड़ा।** धनतेर पर आयोजित शिविर में सात लोगों को अपने मकान का हक मिला। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, उपध्यक्ष राजुमामा शेख और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल की मौजूदगी पट्टे वितरित किये गए। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना (50 हजार रूपये का ब्याज मुक्त ऋण ) के तहत वार्डो में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए पालिका में शिविर आयोजित किये जा रहे है। अब तक 400 लोगों के आवेदन आ चुके है। मकान बनाकर रह रहे लोगो को उनके मकान का मालिकाना हक मिले एवं भूमि सम्बंधित कार्यो के त्वरित निवारण के लिए पालिका द्वारा वार्ड में एक एक घर का सर्वे किया जा रहा है। इस कार्य में पालिका के 15 कर्मचारी लगे हुए है। शिविर में राज्य सरकार के आदेशनुसार 69 ए के तहत मात्र 501 रूपये में पट्टा जारी किया जा रहा है जिसमे यदि किसी भूखंड पर निचे दुकान और उप्पर मकान बना है तो मिश्रित उपयोग का पट्टा शिविर के अंतर्गत जारी किया जाएगा। अभियान के दौरान ही 300 वर्ग मीटर तक नामांतरण हेतु आवेदन लगाए जाने पर मात्र 1000 रूपये के शुल्क पर नामांतरण किया जा कर नया पट्टा जारी किया जायेगा इसी प्रकार किसी भूखंड की लीज राशि एक मुश्त जमा करायी जाती है तो पिछली बकाया पर 60 प्रतिशत छूट देते हुए 40 प्रतिशत राशि ही भूखंडधारी को जमा करानी होंगी, इसी प्रकर 90 ए उपरांत अनुमोदित आवासीय योजनाओ में आवेदकों द्वारा पट्टे चाहने पर 75 रुपया एवं 100 रुपया वर्ग मीटर नियमन शुल्क एवं अन्य जमा योग राशि जो की राज्य सरकार द्वारा काफी कम की है उस पर पट्टे दिए जायेगे।

## भागवत सेवा कमेटी ने वसुधैव कुटम्बकम आश्रम मे आचार्य रुद्रेन्द्र शेखर महाराज का अवतरण दिवस मनाया





**गढ़ी।** वसुधैव कुटम्बकम आश्रम सुजाजी का गढ़ा बरोडिया में आचार्य रुद्रेन्द्र शेखर महाराज के तत्वधान में बैठक आयोजित हुई इस अवसर पर भक्तमण्डल की ओर से महाराज का अवतरण दिवस मनाया। साथ ही भागवत सेवा आश्रम कमेटी की ओर से कमेटी सदस्यों को इस आयोजित होने वाली 27 नवम्बर से भागवत कथा सलूम्बर उदयपुर में इसको सफल बनाने को लेकर दायित्व सौपे गए ।इस अवसर पर धनतेरस दिवाली पर आचार्य रुद्रेन्द्र शेखर ने भक्तो को कहा की जीवन मे विवेक रूपी बुद्धि का उपयोग धार्मिक कार्य मे करने के साथ हमेशा सद्कर्म करने को लेकर कहा। शांत मन से कोई भी निर्णय लेने पर लाभकारी होने को बताया जीवन मे लक्ष्मी की कृपा बनी रहे धन का जीवन मे सही उपयोग करने के साथ परोपकारी कार्य में सेवारत को लेकर कहा ।इस अवसर पर मोहन पाटीदार, गणेशलाल पाटीदार , शांतिलाल पाटीदार ,जीवतराम पाटीदार , हरीश पाटीदार , गटवर सिंह ,सुखलाल पाटीदार ,मावजी भाई , गौरीशंकर सुथार, प्रतापसिंह, ललित सुथार, जिगर कुमार ,रामजी पाटीदार, नवीन पाटीदार ,भक्तमण्डल उपस्थित रहे । संचालन शांतिलाल पाटीदार ने आभार आश्रम प्रवक्ता प्रकाश चन्द्र नायक ने माना

## उप चुनाव- कांग्रेस चैंपियन, धरियावद में बीजेपी तीसरे और वल्लभनगर में चौथे स्थान पर

### नया चेहरा का प्रयोग भाजपा को ले डूबा

**वल्लभनगर।** उपचुनाव में कांग्रेस ने वल्लभनगर और धरियावद सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की है। सबसे बड़ा उलटफेर धरियावद में हुआ है, जहां कांग्रेस ने बीजेपी के परंपरागत गढ़ को ढहाकर जीत हासिल की है। धरियावद में बीजेपी तीसरे और वल्लभनगर में चौथे स्थान पर रही है। कांग्रेस दोनों उपचुनावों की जीत को गहलोत सरकार के कामकाज पर जनता की मुहर के तौर पर पेश करेगी। दोनों सीटों पर कांग्रेस की जीत का आने वाले दिनों में पार्टी की अंदरूनी सियासत पर असर पड़ेगा। उपचुनाव की टिकट में बीजेपी का विधायक के परिवार से टिकट नहीं देने का फैसला आत्मघाती साबित हुआ। कांग्रेस ने वल्लभनगर में प्रीति शक्तावत को टिकट देकर सहानुभूति कार्ड खेला। कांग्रेस ने धरियावद में बीजेपी विधायक गौतमलाल मीणा के बेटे कन्हैयालाल का टिकट काटने को मुद्दा बनाकर भी बीजेपी का गणित बिगाड़ दिया। चुनाव परिणाम के आधार पर यह साबित हो गया कि बीजेपी के टिकट वितरण ने ही हार तय कर दी थी। उपचुनावों में तीसरे और चौथे नंबर पर रहने को अब सतीश पूनिया विरोधी खेमा मुद्दा बनाएगा। यह हार सतीश पूनिया के खाते में जाएगी। वसुंधरा राजे खेमे को अब मुद्दा मिल गया है।


